आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- देहरा और नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत– हमीरपुर सीट पर भाजपा का कब्ज़ा।
- उपचुनाव के बाद अब विधानसभा में कांग्रेस सदस्यों की संख्या फिर 40 हुई– भाजपा विधायकों का आंकड़ा भी 28 तक पहुंचा।
- मुख्यमंत्री ने कहा– खरीद–फरोख्त की राजनीति को जनता ने नकारा, भाजपा ने मुख्यमंत्री के गृह ज़िले में जीत को बताया बड़ी उपलब्धि।

और

- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर वायदों से मुकरने का लगाया आरोप, कहा– सुख सम्मान निधि के तहत महिलाओं को दिए गए पैसों की रिकवरी के रास्ते तलाश रही है सरकार।

....

चुनाव परिणाम

कांग्रेस पार्टी ने देहरा और नालागढ़ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल कर ली है जबकि हमीरपुर विधानसभा सीट भाजपा की झोली में गई है। इन तीनों क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए 10 जुलाई को वोट डाले गए थे और आज मतगणना की गई। देहरा विधानसभा सीट पर मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर चुनाव जीत गई हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता......

***देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ उपचुनाव की तीनों सीटों के लिए मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों के बीच रहा जिसमें देहरा और नालागढ़ मे सत्तासीन कांग्रेस ने जीत हासिल की जबकि हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा ने जीत दर्ज की। देहरा विधानसभा क्षेत्र से***

***कांग्रेस प्रत्याशी व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू की धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर ने 9 हजार 399 मतों से जीत दर्ज की है। नालागढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बावा 8 हजार 990 वोट से विजयी रहे। जबकि हमीरपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने एक हजार 571 मतों से जीत दर्ज की। उपचुनाव नतीजों के साथ ही प्रदेश विधानसभा में अब सत्तारूढ़ कांग्रेस के विधायकों की संख्या 40 हो गई है जबकि भाजपा विधायकों की संख्या 28 हो गई है।*** **रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला ---**

देहरा में कांग्रेस की कमलेश ठाकुर को कुल 32 हज़ार 7 सौ 37 वोट मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के होशियार सिंह ने 23 हज़ार 3 सौ 38 वोट प्राप्त किए। इसके अलावा 3 निर्दलीय प्रत्याशियों अरूण अंकेश स्याल, सुलेखा चौधरी और संजय शर्मा की ज़मानत ज़ब्त हो गई है। देहरा विधानसभा सीट पर एक सौ 50 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया। इस सीट पर कांग्रेस को लगभग 58 फीसदी और भाजपा को 41 दशमलव 3 फीसदी मत पड़े हैं। देहरा में कांग्रेस पार्टी को 25 साल बाद जीत हासिल हुई है। सोलन ज़िले की नालागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा को 34 हज़ार 6 सौ 8 जबकि के. एल. ठाकुर को 25 हज़ार 6 सौ 18 वोट पड़े। उधर, हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के आशीष शर्मा को 27 हज़ार 41 जबकि कांग्रेस के पुष्िंदर वर्मा को 25 हज़ार 4 सौ 70 वोट मिले हैं। उल्लेखनीय है कि इन तीनों सीटों पर निर्दलीय विधायकों द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद उपचुनाव करवाए गए और खास बात ये रही कि इन तीनों ने भाजपा की टिकट पर उपचुनाव लड़ा।

<u>प्रतिक्रिया–सीएम</u>

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने दो विधानसभा सीटों पर भारी मतों से जीत दिलाने के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने धनबल को हरा कर जनबल को जीत दिलाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये मतदाताओं के साथ–साथ पार्टी के मेहनती कार्यकर्ताओं की जीत है। उन्होंने कहा कि इस जनादेश से स्पष्ट हो गया है कि

प्रदेश की जनता ने खरीद–फरोख्त की राजनीति को नकारा है और लोग राज्य सरकार की नीतियों से खुश हैं। सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जीत से ये तय हो गया है कि अगले 50 साल तक राज्य में कोई भी मजबूत सरकार को गिराने का प्रयास नहीं करेगा।

<u>जयराम–अनुराग</u>

दूसरी ओर, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि आशीष शर्मा हमीरपुर क्षेत्र के विकास में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और लोगों की समस्याओं को पुरज़ोर ढंग से विधानसभा में उठाते रहेंगे।

इस बीच, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मुख्यमंत्री के गृह ज़िले में भाजपा द्वारा जीत हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर सत्ता में आई है लेकिन हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता ने कांग्रेस के झूठ को नकारा है। अनुराग ठाकुर ने विश्वास जताया कि आशीष शर्मा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विज़न में हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र और हिमाचल को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने को लेकर एक विधायक के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि इस उपचुनाव को जीतने के लिए कांग्रेस पार्टी ने सरकारी मशीनरी का खूब दुरूपयोग किया लेकिन फिर भी हमीरपुर में उसे हार का सामना करना पड़ा।

<u>प्रतिभा सिंह–विक्रमादित्य</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने उपचुनावों में कांग्रेस की दों सीटों पर जीत के लिए मतदाताओं का आभार जताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूरे देश में जहां–जहां उपचुनाव हुए हैं, वहां इंडिया गठबंधन की जीत हुई है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में दो सीटों पर कांग्रेस को मिली जीत से साबित हो गया है कि राज्य सरकार द्वारा किए गए कार्यों से प्रदेश की जनता खुश है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने लोगों के साथ जो वायदे किए थे, उन्हें पूरा किया जा रहा है।

इस बीच, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उपचुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। उन्होंने भाजपा को इस हार से सबक लेते हुए सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने की सलाह दी है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि पति मुख्यमंत्री हैं और उनकी धर्मपत्नी विधायक होंगी।

आशीष शर्मा

हमीरपुर विधानसभा सीट पर भाजपा के विजयी प्रत्याशी आशीष शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत में क्षेत्र की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने उन्हें हराने के लिये धन बल का खूब इस्तेमाल किया लेकिन जनता ने सोच समझ कर मतदान किया है। आशीष शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में सड़क व पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं का सुधार और विकास उनकी प्राथमिकता रहेगी।

नेता प्रतिपक्ष

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि उपचुनाव खत्म होते ही राज्य सरकार महिलाओं को सुख सम्मान निधि के तहत दिए गए पैसों की रिकवरी के रास्ते तलाश रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं और दूसरी किश्त के नियमों में फेरबदल करने की तैयारी की जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा महिलाओं के साथ धोखा नहीं होने देगी और सरकार के हर जनविरोधी निर्णय का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झूठे वायदे कर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी अब अपने वायदों के विपरीत कार्य कर रही है। विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को 3 सौ यूनिट निशुल्क बिजली देने की गारंटी भी दी थी लेकिन पिछले कल हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में बिजली पर सब्सिडी को वापिस ले लिया गया है।

पौधरोपण

बरसात का मौसम शुरू होते ही प्रदेश में पौधरोपण कार्यक्रम शुरू हो गया है और कई गैर सरकारी संस्थाएं पिछले दिनों अग्निकाण्ड से जंगलों को हुए नुकसान की भरपाई में जुट गई हैं। समाज सेवी संस्था आशादीप ने आज शिमला के निकट 16 मील क्षेत्र में स्थानीय युवाओं के साथ मिलकर कचनार, देवदार और बान के सैंकड़ों पौधे रोपे। संस्था के संयोजक सुशील तनवर ने बताया कि चीड़ के स्थान पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे रोपने को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि पशुपालकों की चारे की मांग भी पूरी हो सके।